।। कार्यालय महानिदेशक पुलिस राजस्थान जयपुर ।।

क्रमांकः–र–9(149)पु.फो. / कानि.भर्ती–19 / 2021 / 42 दिनांकः–12.01.2022

प्रेसनोट

कांस्टेबल भर्ती–2019 की लिखित परीक्षा के प्रश्नों पर अभ्यर्थियों द्वारा की गई आपत्तियों के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय जयपुर में दायर रिट याचिकाओं में पारित आदेश दिनांक 12.11.2021 की पालना में गठित विषय विशेषज्ञो की कमेटी द्वारा परीक्षणोंपरान्त प्रदत्त रिपोर्ट के अनुसार चतुर्थ पारी के 02 प्रश्नों एवं छठी पारी के 01 प्रश्न के उत्तर में परिवर्तन पाये जाने तथा चतुर्थ पारी के 01 प्रश्न में बोनस अंक दिये जाने के फलस्वरूप 41 जिला / यूनिट के 618 अभ्यर्थियों के लिखित परीक्षा परिणाम में संशोधन होने से लिखित परीक्षा के कटऑफ से अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा / शारीरिक मापतौल दिनांक 24.01.2022 व 25.01.2022 को प्रातः 6.30 बजे राजस्थान पुलिस अकादमी, नेहरू नगर, जयपुर पिन–302016 में आयोजित की जा रही है। अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र https://recruitment2.rajasthan.gov.in वैबसाईड से डाउनलोड कर सकते है।

(संदीप सिंह चौहान)
महानिरीक्षक पुलिस,
(भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड)
राजस्थान जयपुर